ईद मुबारक — हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर दी ईद और नवरात्रि की बधाई, देश में अमन-चैन के लिए मांगी दुआ, गांधी चौक पर नर्मदा सेवा समिति ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह

# अंजनिया में दिखी सांप्रदायिक सौहार्द की झलक



**अंजनिया, नवभारत।** ग्राम अंजनिया में इस वर्ष ईद-उल-फितर का पर्व विशेष उत्साह, भाईचारे और सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाया गया। जहाँ एक ओर मुस्लिम समाज ने मस्जिद और ईदगाह में नमाज अदा कर देश की तरक्की की दुआ मांगी, वहीं दूसरी ओर हिंदू भाइयों के साथ मिलकर खुशियां साझा कर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नए वस्त्र पहनकर ईदगाह पहुँचे, जहाँ मदीना मस्जिद के इमाम साहब की सदारत में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित धर्मावलंबियों ने अल्लाह से देश में शांति, आपसी भाईचारा और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की। नमाज के पश्चात सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

## नर्मदा सेवा समिति ने किया ईद मिलन का आयोजन

नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोग जब नगर के गांधी चौक बस स्टैंड पहुँचे, तो वहाँ नर्मदा सेवा समिति द्वारा गांधी मंच पर एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए। यहाँ हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने आपस में गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी, जो आपसी प्रेम और सौहार्द का जीवंत उदाहरण बना।

## नवरात्रि और ईद की दी शुभकामनाएं

समारोह के दौरान आपसी भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला, जब मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने हिंदू भाइयों को चैत्र नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने कहा कि अंजनिया की यह संस्कृति विविधता में एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और एकता की भावना और अधिक मजबूत होती है।

## लिया संकल्प, मिलकर मनाएंगे हर त्यौहार

समारोह में नगर के सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, बुजुर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इसी तरह एक-दूसरे के त्योहारों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाएंगे और क्षेत्र में शांति व सौहार्द का वातावरण बनाए रखेंगे।

## उदयपुर में आपसी सौहार्द की मिसाल बने विभिन्न समाजों के लोग



**उदयपुर।** इस्लाम के पवित्र माह रमजान के 30 रोजों के मुकम्मल होने पर मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर का त्यौहार उदयपुर में भी पूरे अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। बरकतों वाले इस महीने में इबादत और रोजों के बाद रब की तरफ से मिले इस ईद के तोहफे को लेकर समाज के हर वर्ग में भारी खुशी देखी गई।

**सांप्रदायिक सौहार्द की दिखी झलक**-इस खुशी के मौके पर केवल मुस्लिम समुदाय ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे और गले मिलकर अपने मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी। नमाज के बाद दिन भर दावतों का दौर चलता रहा, जहां लोगों ने शीर-खुरमे और लजीज व्यंजनों का आनंद लिया।

**प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य जन रहे उपस्थित**-समारोह में मुख्य रूप से कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मूलचन्द मसराम, उपसरपंच जगदीश यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष धनराज वरकडे, इकबाल अहमद, अब्दुल गनी, मो. सब्बीर, शेख धनी मो., मो. ताहिर, शेख रमजान, मो. साबिर, महबूब मन्सूरी, दाऊद मन्सूरी, नोसाद मन्सूरी और हैदर अली सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी और नागरिक उपस्थित रहे।





# घरेलू विवाद में पोते ने की दादा की हत्या

▶ टिकरिया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नारायणगंज।** थाना टिकरिया अंतर्गत ग्राम हर्राटीकुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने अपने ही रिश्ते के दादा की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी अनुसार घटना 19 मार्च की रात लगभग 9.30 बजे की है। ग्राम हर्राटीकुर निवासी सुमित कुलस्ते 21 वर्ष का अपने रिश्ते के दादा मुन्नालाल कुलस्ते के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आवेश में आकर सुमित ने बुजुर्ग मुन्नालाल के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान बुजुर्ग के गुप्तांग में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडे के नेतृत्व में टीम गठित की गई और आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 21 मार्च को आरोपी सुमित कुलस्ते को उसके गाँव से ही धर दबोचा। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## कार्यवाही में ये रहे शामिल

इस अंधे कत्ल का खुलासा करने और आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडे, उपनिरीक्षक पंकज बिष्ट, सहायक उपनिरीक्षक नारायण ताराम, प्रधान आरक्षक अभिषेक मिश्रा, शिवकुमार मरावी, पीयूष यादव, आरक्षक प्रकाश जंघेला एवं दीपक द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





# घुघरी के सिद्ध बाबा झरने पर श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

▶ जल स्रोतों को सहेजने आगे आए युवा और समाजसेवी संगठन

**घुघरी।** जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड घुघरी में विविध गतिविधि आयोजित की गई। जन अभियान परिषद के तत्वावधान में प्रसिद्ध सिद्ध बाबा झरने पर साफ-सफाई और जल संरक्षण के कार्यों को जनभागीदारी से संपन्न किया गया।

यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक नेमलाल धुर्वे के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अभियान के दौरान झरने और उसके आसपास के क्षेत्र से कचरा हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की गई। इस दौरान उपस्थित नागरिकों और छात्रों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों को बचाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## विभिन्न संगठनों और छात्रों की रही सहभागिता

अभियान में नवांकुर संस्था, मेकल वैली एजुकेशन सोसायटी से अजय अग्रवाल और प्रकृति सेवा समिति से रमेश गोप ने सक्रिय भूमिका निभाई। मेंटर्स के रूप में मुकेश सैयाम, अशोक राजे, नीरज दुबे और सैल शंत की उपस्थिति रही। विशेष रूप से जीवीपीएस के सदस्यों सहित एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। अभियान का मूल उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों को संरक्षित करना और समाज में जल की महत्ता के प्रति चेतना जागृत करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों ने प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने की बात कही।

# नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती पाठ और कन्या पूजन का है विशेष महत्व

▶ विधि-विधान से की गई आराधना दिलाती है अक्षय फल

**अंजनिया।** चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व शक्ति की साधना और अटूट भक्ति का प्रतीक है। इन नौ दिनों में माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना विधि-विधान से करने पर भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है।



ज्योतिषाचार्य पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया कि दुर्गा सप्तशती के 700 श्लोकों में माँ की महिमा समाहित है। इसमें 700 श्लोकों के माध्यम से महाकाली, महालक्ष्मी और माँ सरस्वती की स्तुति की गई है। उन्होंने बताया कि पाठ प्रारंभ करने से पहले कवच, अर्गला और कीलक सहित छह अंगों का पाठ अनिवार्य है। इसके बाद 13 अध्यायों का विधिवत वाचन और अंत में रात्रि सूक्त व देवी सूक्त का पाठ करने से ही अनुष्ठान पूर्ण माना जाता है।

## नवार्ण मंत्र है सप्तशती की आत्मा

पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया कि पाठ के आदि और अंत में 108 बार नवार्ण मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इसे सप्तशती की आत्मा कहा गया है। इसके साथ ही पाठ से पूर्व बटुक भैरव की पूजा और अखंड दीप प्रज्वलित करना शुभ फलदायी होता है। उन्होंने साधकों के लिए रात्रि 11 बजे से 3 बजे तक के समय को हवन, पूजन और मंत्र सिद्धि के लिए सर्वश्रेष्ठ बताया।

## व्रतधारियों के लिए विशेष निर्देश

पंडित संदीप ज्योतिषी ने श्रद्धालुओं को सलाह दी है कि व्रत के दौरान दिन में केवल एक बार फलाहार करें, भूमि पर शयन करें और पूर्णतः सात्विक जीवन जीते हुए तामसिक भोजन से परहेज करें। विधि-विधान और संयम से की गई यह साधना जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाती है।

## बिंछिया में रामनवमी तक होंगे विविध आयोजन

**बिंझिया।** स्थानीय सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी रहने वाला संगठन सनातन धर्मोत्सव परिवार इस वर्ष भी रामनवमी पर दो पहिया वाहन रैली का आयोजन करने जा रहा है। आगामी 27 मार्च को निकलने वाली इस रैली को लेकर संगठन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पूर्णतः गैर-राजनीतिक इस संगठन का मुख्य उद्देश्य जाति-वर्ग के भेदों को मिटाकर सनातन संस्कारों का संरक्षण और समाज में जागरूकता फैलाना है। इसी को लेकर विगत दिनों बड़ी खेरमाई माता मंदिर बिंझिया में संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदू नववर्ष से लेकर रामनवमी तक पूरे नगर में धार्मिक वातावरण निर्मित किया जाएगा। संगठन का लक्ष्य है कि इन नौ दिनों में नगर को भगवा ध्वजों और विशेष साज-सज्जा से सुसज्जित किया जाए।

**आगामी बैठक मंगलवार को**-आयोजनों की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए आगामी बैठक मंगलवार को सराफा स्थित राम मंदिर में आयोजित की जाएगी। संगठन ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों से अपील की है कि वे इस बैठक में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी कार्यक्रम वैदिक नियमानुसार और भव्यता के साथ संपन्न हो सकें।

# कैलाश साहू बने निवास ब्लॉक कांग्रेस नगर अध्यक्ष



**निवास।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर संगठन विस्तार के तहत नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में निवास के वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ता कैलाश साहू को ब्लॉक कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस उपलब्धि पर निवास गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ नवनियुक्त अध्यक्ष का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत हुआ। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमकार सिंह मरकाम, विधायक नारायण सिंह पट्टा, चैन सिंह वरकड़े और जिला अध्यक्ष अशोक मर्सकोले विशेष रूप से उपस्थित रहे और कैलाश साहू को शुभकामनाएं दीं। ब्लॉक अध्यक्ष संजय जायसवाल सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि कैलाश साहू के नेतृत्व में नगर में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीजाडांडी व नैनपुर की पंचायतों में जनभागीदारी से चमके जल स्रोत

▶ जिला प्रशासन ने की सक्रिय सहयोग की अपील







**बीजाडांडी/नैनपुर।** जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त विकासखंडों में गंगा संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जल संरचनाओं के कायाकल्प का संकल्प लिया।

अभियान के पहले चरण में विकासखंड बीजाडांडी की ग्राम पंचायत पोंडीमाल, बारोंची, तरावानी, छिंदगांव एवं लवर मुड़िया में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहाँ ग्रामीणों ने श्रमदान के माध्यम से कुओं और तालाबों की साफ-सफाई की। इसी प्रकार विकासखंड नैनपुर की ग्राम पंचायत पिपरदाही में भी स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पारंपरिक जल स्रोतों को स्वच्छ कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को जल की महत्ता समझाते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन का आयोजन न होकर जिले में निरंतर संचालित किया जाएगा। इसका मुख्य लक्ष्य जल स्रोतों का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित करना और आमजन के भीतर पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना है। जिला प्रशासन ने समस्त नागरिकों से इस पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया है। प्रशासन ने अपील की है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के निवासी अपने आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट की स्थिति निर्मित न हो।

# कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा



**नैनपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नैनपुर के ग्राम डिठौरी सालीवाड़ा के हनुमान मंदिर के पास सात दिवसीय श्रीमद् भागवत प्रवचन माला का आयोजन किया जा रहा है। 22 मार्च से शुरू होने वाले इस आध्यात्मिक महोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, जिसका आगाज रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में बीके शिवकुमारी बहन जी शिरकत करेंगी। वे श्रीमद् भागवत गीता में छुपे अद्भुत रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान जीवन में उनके व्यावहारिक महत्व को समझाएंगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जन-मानस को गीता और भागवत के वास्तविक आध्यात्मिक भावों से अवगत कराना है। प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन जीने की कला और ईश्वरीय ज्ञान द्वारा मानसिक शांति प्राप्त करने के मार्ग बताए जाएंगे। ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार इस ज्ञान गंगा में सम्मिलित होने की अपील की है।

दावा — पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ ने किया दावा

# एक वर्ष के अंदर 3 हजार से अधिक कर्मचारियों को दिलाया प्रमोशन



**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के जबलपुर रेल मंडल के पदाधिकारियों ने दावा किया है कि पिछले एक साल के अंदर संघ ने मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारियों के सकारात्मक सहयोग के चलते रेल मंडल के 3000 हजार से अधिक कर्मचारियों को पदोन्नति दिलाने का बड़ा काम किया है। यह जानकारी पत्रकारों से चर्चा करते हुए मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला व संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने दी। मजदूर संघ के मंडल सचिव डीपी अग्रवाल ने बताया कि पहली बार इतनी अधिक संख्या में कर्मचारियों को 2400 ग्रेड पे से 4200 ग्रेड पे पर पदोन्नति दिलाने का काम किया गया है। इसका प्रभाव यह होगा कि जब आठवां वेतन आयोग लागू होगा, तब पदोन्नति प्राप्त कर्मचारियों को इसका अधिक फायदा होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कई ज्वलंत समस्याओं को हल कराने के लिए भी संघ लगातार प्रतिबद्ध है और पीएनएम के अलावा व्यक्तिगत स्तर पर भी डीआरएम व अन्य अधिकारियों से चर्चा कर समाधान निकाला जा रहा है उन्होंने कहा कि संघ ने कुछ काम तो रेलवे बोर्ड की पॉलिसी के तहत कराया, किंतु कुछ मामले काफी जटिल थे, उसमें लोकल स्तर पर डीआरएम से चर्चा कर लोकल पॉलिसी बनवाई और उसका लाभ कर्मचारियों को दिलाया गया है।

## पेट्रोलिंग का किलोमीटर घटवाया

संघ पदाधिकारियों के मुताबिक संघ द्वारा रेल प्रशासन पर लगातार दबाव बनाने के चलते जबलपुर रेल मंडल के पेट्रोलमैनों की पेट्रोलिंग किलोमीटर को घटवा दिया गया है वहीं पेट्रोलमैन के अलावा अन्य कर्मचारियों को पानी की 3 लीटर की उच्च क्वालिटी की बोतलें उपलब्ध कराई गई हैं वहीं जो कर्मचारी शेष रह गये हैं, उन्हें भी मुहैया करा दी जायेगी संघ पदाधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने एनएफआईआर व डबलूसीआरएमएस के प्रयासों के चलते रनिंग स्टाफ के रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है। इस निर्णय का लाभ जबलपुर रेल मंडल के लगभग 2800 रनिंग स्टाफ जिनमें 2200 लोको रनिंग व 600 के लगभग ट्रेन मैनेजर्स को मिलेगा इन्हें एरियर्स के रूप में लगभग 20 करोड़ रुपए की राशि भी प्राप्त होगी।

# चौक के कार्यक्रम में निछावर को लेकर खूनी संघर्ष

घर में घुसकर लाठी-डंडों और रॉड से हमला, 4 घायल

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अंतर्गत चाँदनी चौक में चौक कार्यक्रम के दौरान निछावर की बात को लेकर उपजा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बदमाशों ने घर में घुसकर लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चाँदनी चौक निवासी नित्यानंद झारिया (41) फूफा रामकिशोर झारिया के घर आयोजित चौक के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वहाँ निछावर करने की बात को लेकर लड़की पक्ष के गुड्डू झारिया ने विवाद शुरू कर दिया। आरोपी ने नित्यानंद को धक्का दिया और



कहा कि तू निछावर नहीं करेगा। जब नित्यानंद के पिता और चचेरे भाई विपिन ने बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्रता की। विवाद के बाद पीड़ित पक्ष अपने घर लौट आया, लेकिन आरोपी का गुस्सा शांत नहीं हुआ। गुड्डू झारिया और उसके साथी वाहन क्रमांक एमपी 20 सी के 2029 से पहले ग्राम सदाफल पहुंचा और विपिन झारिया के घर का दरवाजा पीटकर सीधे नित्यानंद के घर जा धमका।

नित्यानंद के घर के बाहर खड़े विजय बैगा, सोनेलाल झारिया और अमित झारिया पर आरोपियों ने अचानक लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में विजय, सोनेलाल और अमित के सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने पर नित्यानंद के सीने और पीठ में भी चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सभी घायलों को तत्काल कुण्डम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।